मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 207 ■ गुरुवार, 7 नवंबर 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.L.B.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# ‘नो वॉटर - नो वोट’ का नारा बुलंद

## पटेल प्रायोशा के निवासी पानी नहीं मिलने से परेशान

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ के फुले नगर में पटेल प्रायोशा की 12 इमारतों के 470 फ्लैट के एक हजार निवासी अनेक वर्षों से पीने के पीनी, अच्छे रास्ते एवं बिजली आपूर्ति से परेशान हैं. यहां की सोसायटी ने कई बार नगर परिषद, महावितरण एवं मजीप्रा को लिखित शिकायत करके आंदोलन करने के बाद भी इन तीनों मूलभूत समस्याओं से वह जूझ रहे हैं. उनकी कोई सुनवाई नहीं की जा रही है.

सोसायटी निवासियों ने निषेध व्यक्त करते हुए विधानसभा चुनाव में वोट ना करने का मन बनाकर ‘नो वॉटर, नो वोट’ का नारा लगाकर चुनाव का बहिष्कार किया है. सोसायटी कृति समिति के ए. टी. सॅबस्टिन के नेतृत्व में यहां की निवासी महिलाओं, पुरुषों ने चुनाव बहिष्कार का इशारा दिया है. पटेल प्रायोशा, योगी निवास गृहनिर्माण सोसायटी में लगभग एक हजार वोटर हैं. यहां पर सन 2016 से पानी की परेशान है. एक दिन बाद उन्हें अ नि य मि त जलापूर्ति की जाती है. जिसके कारण महिलाओं को भारी परेशानी होती है. कोई मेहमान घर पर आ गया तो उसे पिलाने के लिए तक कभी-कभी घर में पानी नहीं होता है. जलापूर्ति, बिजली की समस्या एवं खराब रास्ते कोई दुरुस्त करके देगा तो वह चुनाव में मतदान करने का विचार करेंगे, ऐसा सोसायटी की ओर से सॅबास्टिन ने पत्रकारों को बताया है.

# शिंदेसेना ने भाजपा से की सुलह

- महायुति सुलह बैठक में भाजपा, शिवसेना, आरपीआय व साई पक्ष के नेता हुए शामिल
- क्या यह सुलह कर पाएगी कलह की भरपाई?
- यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंकजा मुंडे की हो सकती है सभा



**अब महायुति को एकजुट रखना आयलानी के लिए चैलेंज**

**उल्हासनगर.** महायुति के साथ साईं पक्ष के गठबंधन कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी द्वारा मुख्यमंत्री को गद्दार कहे जाने के बाद शिवसेना शिंदे सेना आक्रमक मूड में आ गई थी लेकिन कल भाजपा व शिंदेसेना नेताओं ने पत्रकार परिषद में पुराने विवाद को छोड़कर एक साथ प्रचार करने का निर्णय लिया गया। शिंदेसेना के जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने जवाब दिया कि शिवसैनिक और पदाधिकारी भाजपा उम्मीदवार कुमार आयलानी को निर्वाचित कराने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे।

शिंदेसेना के जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने दो दिन पहले पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक की और इस विवाद को सुलझाया। कल महायुति की इस सुलह बैठक में कुमार आयलानी के प्रचार की रणनीति तय की गयी.

बैठक में गोपाल लांडगे, कुमार आयलानी, जमनू पुरस्वानी, जीवन इदनानी, प्रदीप रामचंदानी, राजेंद्र चौधरी, नरेंद्र राजानी, अजित सिंह लबाना, राजेश वधरिया, टोनी सीरवानी, प्रकाश नाथानी, प्रकाश माखीजा, लाल पंजाबी, दीपक छतलानी, रिपाई के नाना बागुल समेत महायुति के पार्टी एवं स्थानीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

महागठबंधन नेताओं की बैठक के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और शिंदेसेना नेता गोपाल लांडगे ने कहा कि विवाद खत्म हो गया है. उन्होंने यह भी कहा कि महायुति के उम्मीदवार कुमार आयलानी का प्रचार अभियान संयुक्त होगा. लांडगे ने इस समय कहा कि नागरिक आयलानी को शहर के विकास और अधिकार वाले व्यक्ति के रूप में देख रहे हैं। पूरी प्रेस कॉन्फ्रेंस में बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी को मंच से थोड़ा दूर रखा गया जिस कारण उनकी भाजपा नेता जमनू पुरस्वानी के साथ तूतू मैमै भी हो गई।

# महेश गायकवाड़ शिवसेना से निष्कासित



**कल्याण.** शिवसेना शिंदे गुट के कल्याण शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है. कल्याण पूर्व से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में महेश महायुति की उम्मीदवार सुलभा गायकवाड़ के खिलाफ चुनावी मैदान में उतरे हैं.

महेश गायकवाड़ शिवसेना सांसद शिंदे के करीबी हैं और ठाकरे गुट की पेशकश के बावजूद निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में खड़े हुए हैं। क्या महागठबंधन में बीजेपी और शिंदे गुट के बीच असमंजस की स्थिति में बीजेपी को मुश्किल में फंसाने के लिए ये शिंदे गुट की चाल है? ऐसा भी कहा जा रहा है.

कल्याण लोकसभा क्षेत्र में बीजेपी और शिंदे गुट के बीच महायुति में विवाद खुलकर देखने को मिल रहा है. कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र के मौजूदा विधायक गणपत गायकवाड़ महेश गायकवाड़ फायरिंग मामले में जेल में हैं। जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहे थे, कल्याण पूर्व का माहौल गर्म होता जा रहा था और यहां के दोनों गायकवाड़ों के बीच विवाद चरम पर पहुंच गया था.

शिवसेना शिंदे गुट के शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है, जबकि पूर्व नगरसेवक विशाल पावशे वंचित से चुनाव लड़ रहे हैं। इसलिए उन्हें शिंदे ग्रुप से बाहर कर दिया गया है. इस संबंध में एक पत्र जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने तैयार किया है और वह पत्र वायरल हो गया है. सुशीला माली, रोहित दुमने, शरद पावशे, विद्या कुमावत, राजू भाटी, शंकर पाटिल, प्रशांत बोटे, मनोज बेलमकर सहित महेश गायकवाड़ और विशाल पावशे को निष्कासित कर दिया गया है।

पत्र में कहा गया है कि पार्टी के खिलाफ काम करने, आदेशों का पालन नहीं करने और मनमाना काम करने के चलते यह निष्कासन किया गया है.

यह देखना होगा कि क्या यह निष्कासन चुनाव के बाद होगा या चुनाव के बाद उन्हें फिर से पार्टी में शामिल किया जाएगा।

# गावठी कट्टे सहित अपराधी भगवती यादव गिरफ्तार

- उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने की कार्रवाई
- गावठी कट्टा व दो कारतूस भी बरामद
- शातिर अपराधी की पुलिस की थी तलाश



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सराय के अपराधी भगवती यादव को गिरफ्तार किया है, उसके पास से एक गावठी कट्टा और दो जिंदा कारतूस जब्त किए हैं. उल्हासनगर क्राइम ब्रांच के पुलिस कांस्टेबल गणेश गावड़े को सूचना मिली कि आरोपी भगवती यादव हथियार के साथ नेवाली के साईं पैलेस रेस्टोरेंट में बैठा है. भगवती यादव के पास से करीब 31000 रुपये का कारतूस बरामद हुआ है हिललाइन पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है.

# टैक्स वसूली के लिए मनपा ने कसी कमर

- फील्ड पर उतरी मनपा अधिकारियों की टीम
- 8 माह में 60 करोड़ 40 लाख से अधिक की वसूली
- पिछला रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य






उल्हासनगरः मनपा आयुक्त विकास ढाकने के आदेश पर उल्हासनगर महानगर पालिका टैक्स विभाग की महिला अधिकारी नीलम कदम की टीम टैक्स वसूली के लिए मैदान में उतर गई है. मनपा ने इस बार पिछला संग्रह रिकॉर्ड तोड़ने का लक्ष्य रखा है.

कर निर्धारक और संकलक नीलम कदम, उपकर निर्धारक और संकलक सचिन वानखेड़े, मनोज गोकलानी, वसूली अधिकारी यशवंत सगळे आदि की एक टीम संपत्ति कर वसूली के लिए फील्ड में उतर गई है. एक उद्योगपति की लगभग 25 संपत्तियों को सील करने के बाद उन्होंने लाखों रुपये का चेक मनपा में जमा किया है.

वसूली का पिछला रिकॉर्ड 111 करोड़ से अधिक का है और अब आठ माह में 60 करोड़ 40 लाख से अधिक की वसूली हो चुकी है और 31 मार्च 2025 तक का समय है. ऐसे में संपत्ति कर विभाग पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए अपने लक्ष्य की ओर बढ़ना शुरू कर दिया है।

इसके लिए आयुक्त विकास ढाकने के मार्गदर्शन में अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर, कर निर्धारक एवं संकलक नीलम कदम, उपकर निर्धारक एवं संकलक सचिन वानखेड़े, मनोज गोकलानी, वसूली अधिकारी यशवंत सगळे, कर निरीक्षक गणेश शिंदे, राम आयलानी, दिनेश मारोठिया, सचिन जाधव, नारायण कुडिया, सचिन निकम, रमेश अवाद, सुंदर लाडगे, किशोर आयलसिंधानी और महिला लिपिक सक्रिय हो गए हैं।

# अंबरनाथ में छठ पूजा की तैयारी पूरी :मनोज सिंह



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ में छठ पूजा की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं. छठ पूजा से जुड़ी संस्थाएं एवं राजनीतिक पक्ष के नेताओं ने अंतिम रूप दे दिया है. सूर्य उपासना के महापव्र छठ की शुरूआत मंगलवार 5 नंवबर को नहाय खाय से शुरू हुई. शहर के वीर रबर कंपनी के समक्ष खदान के पानी में बड़े पैमाने पर छठ पूजा की जाती है. यहां पर मनोज शिवानंद सिंह गत 18 वर्षों से छठ पूजा के लिए आने वाले छठव्रतियों को विविध सुविधाएं उपलब्ध करा कर देते हैं. पूजा स्थल परिसर में रोशनाई का इंतजाम किया गया है. परिसर में उगी घास को काटकर साफ सफाई मनोज सिंह एवं उनके कार्यकर्ताओं ने किया है. बुवापाड़ा परिसर की सैकड़ों महिलाएं बुवा पाड़ा खदान में भी छठ पूजा के लिए जाती हैं. यहां का प्रबंध बबलू सिंह व अन्य कार्यकर्ता करते हैं.

छठ पूजा सूर्य, प्रकृति, जल, वायु और उनकी बहन छठी मैया को समर्पित है. शहर पश्चिम में चिंचपाड़ा खदान में भी हजारों महिलाएं छठ पूजा के लिए आती हैं. यहां पर चरण रसाल, उमेश पाटिल आदि लाइट पानी, सफाई का प्रबंध करते हैं. जावसाई फुले नगर में बिहारी एवं यूपी समाज के लोग भी ज्यादा हैं.

# कल्याण-डोंबिवली में बाहर से आने वाले वाहनों की जांच तेज

- चुनाव टीमें कर रही गहन निरीक्षण



**कल्याण.** कल्याण, डोंबिवली महानगरपालिका सीमा के चार विधानसभा क्षेत्रों में, चुनाव आयोग भरारी की टीमें और स्थिर सर्वेक्षण विभाग तीन पालियों में कल्याण, डोंबिवली में शहर से आने और जाने वाले वाहनों का गहन निरीक्षण कर रहे हैं।

यह कार्रवाई चुनाव आयोग के आवेदन और आचार संहिता के अनुपालन पर प्राप्त शिकायतों के आधार पर की जा रही है. यह निरीक्षण कल्याण, डोंबिवली शहरों में आने वाले मुख्य यातायात मार्गों, चौराहों, फ्लाईओवर क्षेत्रों में किया जा रहा है। भरारी टीमें शहर के चारों तरफ शिलफाटा रोड, पतरी पुल, 90 फुट रोड, मानकोली ब्रिज, शहद उड़ान ब्रिज, दुर्गाडी फोर्ट चौक, आधारवाड़ी जेल, गंधारे ब्रिज, तीसगांव नाका, मानपाड़ा रोड, कोपर फ्लाईओवर, कस्तूरी प्लाजा पर तीन शिफ्ट में काम कर रही हैं।

भरारी टीम के एक अधिकारी ने बताया कि वाहनों की जांच की जाती है कि उनमें मतदाताओं को लुभाने के लिए अतिरिक्त पैसे, शराब की बोतलें या सामान हैं या नहीं। किसी वाहन में यदि अधिक रकम मिली और वह उस रकम का उचित प्रमाण देता है तो वरिष्ठों को इसकी जानकारी देकर ऐसे वाहन को छोड़ दिया जाता है। निरीक्षण दल के साथ पुलिस भी तैनात है।

चुनाव के दौरान उल्हासनगर, भिवंडी क्षेत्र से रात के समय वाहनों में शराब की बोतलें शहर में लाने की पहले से परंपरा थी। इस गहन निरीक्षण अभियान के कारण इस प्रकार की शिकायतें कुछ हद तक शांत हुई हैं। नागरिक मांग कर रहे हैं कि निरीक्षण दल दूध, खाद्य सामग्री, पोल्ट्री, जैसी आवश्यक सेवाओं का निरीक्षण करें। चुनाव अवधि के दौरान कुछ राजनीतिक दलों द्वारा ऐसे वाहनों के दुरुपयोग की संभावना है.

# लाइसेंसी हथियारों को लेकर एक्शन में ठाणे पुलिस

- 3,540 से अधिक लाईसेंसी हथियार जमा कराए



**ठाणे.** आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ठाणे पुलिस ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। ठाणे पुलिस कमिश्नरेट ने क्षेत्र के लाइसेंसधारी बंदूकधारियों से 3,540 से अधिक लाईसेंसी असलहे जमा करा लिए हैं। यह कदम चुनावी माहौल में किसी भी तरह के दुरुपयोग की संभावनाओं को रोकने और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

पुलिस ने सभी लाइसेंसधारी नागरिकों से अपने हथियारों को अस्थायी रूप से जमा करने का अनुरोध किया है। 382 हथियारों का संग्रह अभी भी लंबित है और इसके लिए संबंधित व्यक्तियों से जल्द से जल्द अनुपालन की उम्मीद की जा रही है। जो लोग हथियार जमा नहीं करेंगे, उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 188 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### चुनाव परिणाम घोषित होने तक हथियारों पर पाबंदी

चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनावी अवधि के दौरान सार्वजनिक स्थलों पर असलहों के ले जाने या उनका उपयोग करने पर पूरी तरह से पाबंदी है। चुनाव अवधि समाप्त होने के बाद ही हथियारों को वापस किया जाएगा।

# चुनाव के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद

- 40 से अधिक स्थानों पर चेकपॉइंट स्थापित
- मादक पदार्थों की तस्करी पर भी पुलिस की नजर
- संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों में रूट मार्च



**उल्हासनगर.** विधानसभा चुनावों की घोषणा हो चुकी है, लेकिन दिवाली और पार्टी में बगावत के कारण प्रचार ठंडा हुआ. अब, चूंकि अधिकांश बागियों ने अपना नामांकन पत्र वापस ले लिया है, इसलिए उम्मीदवारों ने प्रचार शुरू कर दिया है। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस व्यवस्था तैयार है. केंद्रीय पुलिस बल की सात इकाइयां, चेकपॉइंट, भरारी टीमों को सिटी पुलिस के साथ ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र में तैनात किया गया है। संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों में रूट मार्च भी किया जा रहा है. पुलिस टीमें रात में गश्त कर रही हैं। मादक पदार्थों की तस्करी पर भी पुलिस की नजर है.

चुनाव को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक मशीनरी सक्रिय है। ठाणे जिले में कुल 18 विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें से अधिकांश निर्वाचन क्षेत्र ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र के भीतर हैं। चुनाव अवधि के दौरान आयुक्तालय क्षेत्र में आचार संहिता के उल्लंघन और कानून व्यवस्था की समस्या को रोकने के लिए ठाणे पुलिस को विभिन्न स्थानों पर तैनात किया गया है। ठाणे कमिश्नरेट क्षेत्र में 40 से अधिक स्थानों पर चेकपॉइंट स्थापित किए गए हैं। यहां संदिग्ध वाहनों की जांच की जा रही है। कई स्थानों पर भरारी टीमें भी तैनात हैं। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अतिरिक्त मैन पावर तैनात की गई है।

केंद्रीय पुलिस टीम की सात टुकड़ियां ठाणे कमिश्नरेट क्षेत्र में प्रवेश कर चुकी हैं. सूत्रों ने बताया कि जल्द ही पांच इकाइयों की एंट्री होगी। इसके साथ ही राज्य रिजर्व बल की टुकड़ियों को भी तैनात किया गया है. अपराधियों पर भी पुलिस की पैनी नजर है. पुलिस ने भी एहतियाती कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। रात्रि के समय थाना स्टाफ द्वारा गश्त की जा रही है। साथ ही संवेदनशील विधानसभा क्षेत्रों में पुलिस रूट मार्च कर रही है.

# बागियों ने महायुति और महाविकास अघाड़ी का बढ़ाया सिरदर्द



**कल्याण.** महायुति और महाविकास अघाड़ी के वरिष्ठ नेताओं के समझाने के बावजूद कई बागियों ने अपने आवेदन वापस नहीं लिये हैं. इसलिए ठाणे जिले में महायुति और महाविकास अघाड़ी का सिरदर्द बढ़ गया है. ऐरोली, बेलापुर, कल्याण पूर्व सीटों पर शिवसेना के बागी मैदान में हैं। कोपरी पचपाखाड़ी में कांग्रेस की बगावत से ठाकरे गुट को नुकसान हो सकता है। भिवंडी पश्चिम में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन वापस नहीं लेने पर महाविकास अघाड़ी में टूट की आशंका है।

विधानसभा चुनाव के लिए आवेदन वापस लेने के अंतिम दिन केवल मुट्ठी भर बागियों ने ही अपने आवेदन वापस लिये. इसमें भिवंडी पूर्व, कल्याण पश्चिम में शिवसेना के उम्मीदवारों के सामने बागी ठंडे पड़ गए. इसमें शिवसेना ने भिवंडी पूर्व से संतोष शेट्टी को उम्मीदवार बनाया. वहां रूपेश म्हात्रे ने विद्रोह कर दिया. भिवंडी ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में, भाजपा के ग्रामीण युवती अध्यक्षा स्नेहा पाटिल ने शिवसेना के शांताराम मोरे के खिलाफ अपक्ष पर्चा भरा. वे पीछे नहीं हटी इसलिए यहां शिवसेना को झटका लगने का डर है. भाजपा के नरेंद्र पवार ने कल्याण पश्चिम में मौजूदा विधायक विश्वनाथ भोईर के खिलाफ अपक्ष फार्म दायर किया। लेकिन दोनों पीछे हट गये. वहीं कल्याण पश्चिम से कपिल पाटिल के करीबी वरुण पाटिल अभी भी चुनाव मैदान में हैं.

कल्याण पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा द्वारा सुलभा गणपत गायकवाड़ को उम्मीदवार बनाए जाने के बाद शिवसेना के महेश गायकवाड़ ने विद्रोह कर दिया और अपक्ष उम्मीदवार के रूप में मैदान में डटे हैं. शिवसेना ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया है.

भाजपा की मौजूदा विधायक मंदा म्हात्रे को पार्टी ने बेलापुर विधानसभा क्षेत्र से दोबारा उम्मीदवार बनाया है। हालांकि, यहां से शिवसेना के विजय नाहटा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए अर्जी दाखिल की थी. वे यहां से पीछे नहीं हटे हैं. ऐरोली विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी के गणेश नाइक के खिलाफ शिवसेना शिंदे गुट के विजय चौगुले ने अर्जी दाखिल की थी. उन्होंने भी आवेदन वापस नहीं लिया. इसलिए, यहां महागठबंधन और कुछ भाजपा उम्मीदवारों को नुकसान होने की संभावना है।

ठाकरे समूह ने कोपरी पाचपाखाड़ी विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के खिलाफ केदार दिघे को उम्मीदवार बनाया है। लेकिन यहां से कांग्रेस के मनोज शिंदे ने निर्दलीय आवेदन दाखिल किया था. उन्होंने अपना आवेदन बरकरार रखा है. दयानंद चोरगे को कांग्रेस ने भिवंडी पश्चिम सीट से उम्मीदवार बनाया था. यहां से समाजवादी पार्टी के रियाज आजमी ने निर्दलीय आवेदन दाखिल किया था. उनके भी आवेदन बरकरार रहने से महाविकास अघाड़ी में बगावत हो गई है.

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट ने शाहपुर विधान सभा से दौलत दरोडा को नामांकित किया था, लेकिन अविनाश शिंगे ने बगावत कर दी है और महाविकास अघाड़ी के घटक ठाकरे गुट की ओर से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया है। शरद पवार गुट के शैलेश वडनेर ने बगावत कर दी और मुरबाड विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय उम्मीदवारी दाखिल कर दी. वे पीछे नहीं हटे हैं.

# सार्वजनिक स्थानों पर गांजा पीने वाले 3 के खिलाफ मामला दर्ज




**कल्याण.** गांजा का सेवन वर्जित है. ऐसे में यहां गश्त पर निकली महात्मा फुले थाने की पुलिस ने तीन अलग-अलग जगहों पर सार्वजनिक स्थानों पर गांजा पीते लोगों को पकड़ा है और उन तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है.

गश्त पर निकली पुलिस ने शहाड के पास म्हारल रोड पर सेंचुरी रेयान के प्रवेश द्वार के बाहर एक सार्वजनिक सड़क पर नेमसिंह राठौड़ को एक टैंकर के पीछे बैठा पाया। वे म्हारल गांव क्षेत्र में रहते हैं। एक अन्य मामले में, पुलिस ने कल्याण पश्चिम रेलवे स्टेशन के पास नीलम गेस्ट हाउस की पिछली गली में ताहिर सैयद को गांजा पीते हुए पकड़ा। वह एक रिक्शा चालक है. वे नेवाली नाका इलाके में रहता है. बैजनाथ सिंह कल्याण रेलवे स्टेशन के पास गांजा का सेवन कर रहे थे. वे चिंचपाड़ा इलाके में रहते हैं. वे मजदूर हैं. महात्मा फुले पुलिस स्टेशन के कांस्टेबल महेंद्र मंझा और श्रीधर वडगावे की शिकायत पर इन तीनों लोगों के खिलाफ महात्मा फुले पुलिस स्टेशन में मादक द्रव्य निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक

संपादकीय

## बस हादसे का जिम्मेदार कौन?

उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सोमवार को हुए त्रासद बस हादसे से एक बार फिर यही साबित हुआ है कि आए दिन बड़ी दुर्घटनाओं के बावजूद हर स्तर पर लापरवाही बनी हुई है और कोई सबक लेना जरूरी नहीं समझा जाता। गौरतलब है कि पहाड़ की घुमावदार सड़कों से गुजरने वाली बस में क्षमता से ज्यादा यात्रियों को लाद लिया गया था। इसका नतीजा यह हुआ एक मोड़ पर बस असंतुलित होकर फिसली और डेढ़ सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। उसमें सवार कम से कम छत्तीस लोगों की जान चली गई और कई बुरी तरह घायल हो गए।

खबरों के मुताबिक, बस पुरानी और खस्ताहाल थी। सवाल है कि क्या वह बस किसी छिपे तरीके या रास्ते से गुजर रही थी कि उसकी खराब हालत पर पुलिस या किसी जिम्मेदार व्यक्ति की नजर नहीं पड़ी और उसे रोकना जरूरी नहीं समझा गया? घटनास्थल से प्राप्त ब्योरों से ऐसा लगता है कि इस त्रासद हादसे के लिए न सिर्फ बस चालक या मालिक जिम्मेदार हैं, बल्कि पुलिस या प्रशासन के अधिकारियों ने भी अपने दायित्व से मुंह मोड़ लिया था।

विचित्र है कि पहाड़ी इलाकों में काफी ऊंचाई पर बनी संकरी सड़कों के मद्देनजर खतरनाक या उच्च जोखिम वाली जगहों की पहचान करके वहां सुरक्षा के लिहाज से अतिरिक्त इंतजाम करने की भी अनदेखी की जाती है। अल्मोड़ा की सड़कें कुछ अधिक जोखिमभरी मानी जाती हैं, इसलिए उन पर अतिरिक्त सावधानी की दरकार होती है। जिस जगह बस खाई में गिर गई, अगर वहां 'पैराफिट' या 'क्रैश बैरियर' होता तो ऐसी त्रासदी से बच पाने की उम्मीद की जा सकती थी।

मगर ज्यादा यात्रियों की वजह से बस असंतुलित हुई और चालक उसे संभाल नहीं पाया, बस सीधे खाई में जा गिरी। जबकि पहाड़ी इलाकों में सड़कों के किनारे जरूरी सुरक्षा घेरे को मजबूत और दुरुस्त रखने को अनिवार्य बनाया जाना चाहिए। मगर विडंबना है कि हर समय चौड़ी सड़कों और विकास का राग अलापती सरकारें हादसों की वास्तविक स्थितियों और वजहों से तब तक आंखें मूंदें रखती हैं, जब तक कोई बड़ा हादसा न हो जाए और उसमें नाहक ही लोगों की जान न चली जाए।

# वक्फ के नाम पर लूट की खुली छूट

पता नहीं ट्रेन और बस की सीट पर रुमाल, बैग आदि रखकर उस पर अपना दावा करने का चलन आज भी है या नहीं, लेकिन यह पता चल गया कि वक्फ बोर्ड आज भी ऐसा कर रहे हैं। वे जिस जमीन-संपत्ति को चाहते हैं, उस पर नोटिस भेजकर अपना दावा जता देते हैं। इसका ताजा प्रमाण तब फिर मिला, जब कर्नाटक के विजयपुरा, कलबुर्गी, बीदर आदि जिलों के किसानों को नोटिस भेजकर कहा गया कि उनकी जमीन अब वक्फ की संपत्ति है। नोटिस भेजे जाने के साथ ही जब किसानों की जमीन का मालिकाना हक बदलने का काम शुरू होने की खबर आई तो उनमें हड़कंप मचा। उन्होंने पक्ष-विपक्ष के नेताओं से गुहार लगानी शुरू की और इस तरह वक्फ बोर्ड की मनमानी का मामला सामने आया। यह मनमानी किस हद तक थी, इसका पता इससे चलता है कि अकेले विजयपुरा जिले के होनावदा गांव के किसानों को नोटिस भेजकर उनकी 1,500 एकड़ जमीन को वक्फ संपत्ति बता दिया गया। जब भाजपा ने इस मामले को तूल दिया तो सरकार हरकत में आई और खुद मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने कहा कि किसानों को भेजे गए नोटिस वापस लिए जाएंगे।

कर्नाटक सरकार की ओर से यह तो कहा गया कि अधिकारियों की गलती से किसानों को नोटिस चले गए, लेकिन इसके बारे में कोई खबर नहीं कि जिनकी गलती से हजारों किसानों की जमीन को वक्फ की जमीन करार देने के नोटिस जारी किए गए, उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गई। सरकार की ओर से यह भी सफाई दी गई कि होनावदा गांव में केवल 11 एकड़ जमीन वक्फ की है, शेष किसानों की है, लेकिन किसानों का कहना है कि इस 11 एकड़ में से भी 10 एकड़ जमीन तो वह है, जहां वह अपने लोगों का अंतिम संस्कार करते हैं। उनका कहना है कि क्या हम अपने




खेतों से हाथ धोने के बाद चैन से मर भी नहीं सकते। आरोप है कि वक्फ और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमीर अहमद खान ने वक्फ अधिनियम में बदलाव की पहल को देखते हुए हजारों किसानों को आनन-फानन नोटिस भेजकर उनकी जमीन को वक्फ की जमीन करार देने का काम कराया। उनके अधीन काम करने वालों को इतनी जल्दी थी कि उन्होंने मुस्लिम किसानों को भी नोटिस भेज दिए। इतना ही नहीं, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के संरक्षण वाली कई ऐतिहासिक इमारतों को भी वक्फ संपत्ति घोषित करने के नोटिस जारी किए गए। यह पहली बार नहीं है, जब किसी राज्य के वक्फ बोर्ड ने मनमाने तरीके से किसी अन्य की जमीन, भवन आदि को वक्फ की संपत्ति करार दिया हो। तमिलनाडु के उस मामले से हर कोई परिचित होगा, जिसमें एक गांव की लगभग पूरी जमीन पर वक्फ बोर्ड ने अपना दावा ठोक दिया था। तिरुचिरापल्ली जिले के तिरुचेंथुरई गांव में एक 1,500 साल पुराना मंदिर है। कुछ समय पहले वक्फ बोर्ड ने दावा किया कि मंदिर और उसके आसपास की सारी जमीन वक्फ की है। वक्फ बोर्ड के पास अपने इस दावे के पक्ष में कोई प्रमाण नहीं था, लेकिन उसने नोटिस जारी कर करीब-करीब पूरे गांव पर अपना दावा कर दिया। गांव के लोगों को वक्फ बोर्ड की मनमानी का पता तब चला, जब एक किसान ने अपनी जमीन बेचने की पहल की। जब इस मामले की जांच हुई तो वक्फ बोर्ड का दावा फर्जी पाया गया। जांच में यह भी पता चला कि वक्फ बोर्ड ने फर्जी दस्तावेज बना रखे थे। वक्फ बोर्ड की कलई खोलने का काम 1,500 साल पुराने मंदिर के शिलालेख ने भी किया। यह सनद रहे कि 1,500 साल पहले इस्लाम का उदय भी नहीं हुआ था और वह भारत तो बहुत बाद में आया।

हाल के समय में वक्फ बोर्डों की मनमानी के कई उदाहरण आ चुके हैं। ये दक्षिण भारत से लेकर उत्तर भारत में देखने को मिले हैं। इसके बाद भी वक्फ अधिनियम में संशोधन की पहल का विरोध हो रहा है। यह विरोध मुस्लिम समुदाय के मजहबी नेता तो कर ही रहे हैं, अधिसंख्य विपक्षी दलों के नेता भी कर रहे हैं। विपक्षी नेताओं की मानें तो मौजूदा वक्फ अधिनियम में कहीं कोई खामी नहीं और इसलिए उसमें किसी तरह के संशोधन की आवश्यकता नहीं। यदि वास्तव में ऐसा ही है तो क्या वे वक्फ अधिनियम की तर्ज पर किसी सनातन भू अधिनियम की पैरवी करेंगे, ताकि हिंदू समुदाय भी अपने मठ, मंदिरों और उनकी जमीनों की रक्षा कर सके और उनका नियमन कर सके? न्याय का तकाजा तो यह कहता है कि सभी समुदायों के लिए वैसा ही अधिनियम होना चाहिए, जैसा मुस्लिम समाज के लिए वक्फ अधिनियम है। केंद्र सरकार की ओर से मौजूदा वक्फ कानून में संशोधन की जो पहल की जा रही है और जिस पर संसद की संयुक्त समिति यानी जेपीसी विचार कर रही है, उसके कामकाज से विपक्षी सांसद बिल्कुल भी संतुष्ट नहीं।




हम में से हरेक के अंदर एक हीरा मौजूद है, ये प्रभु की आंतरिक ज्योति व श्रुति की वो चिंगारी है जो प्रभु ने हम सबके भीतर डाली है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

# इंटरनेट की दुनिया का भ्रम

इंटरनेट का चलन शुरू होने के बाद ज्ञान और विमर्श की दुनिया काफी सहज और विस्तृत हो गई थी। कहा गया कि यह दुनिया के सबसे बड़े पुस्तकालय के रूप में काम करेगा। यहां तमाम सूचनाएं, अध्ययन, विचार-विमर्श, ज्ञानात्मक सामग्री एक बटन दबाने भर से उपलब्ध हो जाएंगे। निस्संदेह ऐसा हुआ भी। मगर जिस तरह सूचनाओं का आदान-प्रदान एक बड़े व्यवसाय के रूप में आकार लेता गया, उसमें नकल और चोरी बढ़नी शुरू हो गई। भ्रामक, आधी-अधूरी, भड़काऊ, उत्तेजना पैदा करने वाली जानकारियों की भरमार होती गई। इंटरनेट पर विकिपीडिया नामक मंच इसी मकसद से शुरू किया गया था कि वहां व्यक्तियों, घटनाओं, इतिहास, भूगोल, विज्ञान के विभिन्न अनुशासनों आदि से संबंधित तमाम जानकारियां एक जगह उपलब्ध कराई जा सकेंगी। इस मकसद में यह मंच काफी सफल भी हुआ।

मगर चूंकि इसे एक खुले मंच के तौर पर विकसित किया गया है, कोई भी व्यक्ति उससे जुड़ कर वहां उपलब्ध सामग्री को संपादित कर सकता है। उसके गलत तथ्यों को दुरुस्त कर या नए तथ्य जोड़ सकता है, इसमें मनमानी के अवसर अधिक हैं। कोई भी व्यक्ति अपने विचारधारात्मक दुराग्रहों के चलते तथ्यों के साथ छेड़छाड़ कर सकता है, उन्हें तोड़-मरोड़ कर या भ्रामक ढंग से पेश कर सकता है। ऐसे अनेक उदाहरण मौजूद हैं और यह सिलसिला लगातार बढ़ता देखा जा रहा है।

चूंकि बहुत सारे लोग पुस्तकालयों की खाक छानने, मूल पुस्तकों या दस्तावेजों को खंगालने के बजाय विकिपीडिया जैसे इंटरनेट माध्यमों को



सुगम मानने लगे हैं, वे वहां मौजूद भ्रामक और गलत जानकारियों को सही मान कर तथ्य रूप में पेश करते देखे जाते हैं। इससे कई बार विचित्र स्थिति पैदा हो जाती है। सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष वकीलों को स्पष्ट हिदायत दी थी कि वे कानूनों का हवाला देने के मामले में विकिपीडिया पर निर्भर न रहें, मूल स्रोतों का ही उपयोग करें।

तब भी विकिपीडिया की जवाबदेही रेखांकित हुई थी। अब केंद्र सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने विकिपीडिया को पत्र लिख कर पूछा है कि आपको क्यों न सूचना प्रदाता मंच के बजाय एक प्रकाशक माना जाए। देखना है, विकिपीडिया इस पर क्या जवाब देता है। पर हकीकत यही है कि विकिपीडिया अपने स्वरूप में एक प्रकाशक की तरह ही काम करता है। प्रकाशक को सूचना और बौद्धिक संपदा से जुड़े कानूनों का पालन करना अनिवार्य होता है। इस तरह वह अपने किसी भी प्रकाशन के प्रति कानूनी रूप से जवाबदेह होता है। विकिपीडिया उन जवाबदेहियों से मुक्त है। कोई भी ऐसा मंच, जो ज्ञान की एक शाखा के रूप में काम करता है, उसे इस तरह मुक्त नहीं छोड़ा जा सकता कि वह तथ्यों का मनमाना उपयोग करे। विकिपीडिया का सर्वाधिक उपयोग विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, शोध संस्थानों आदि से संबद्ध लोग करते हैं। ऐसे लोगों के लिए विकिपीडिया एक संदर्भ कोश की तरह उपलब्ध है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि अगर लोग गलत तथ्यों का उपयोग करते होंगे तो आने वाली कितनी पीढ़ियों पर उसका बुरा प्रभाव पड़ता होगा। विकिपीडिया पर अनेक व्यक्तियों, महापुरुषों, ऐतिहासिक घटनाओं तक से संबंधित गलत सूचनाएं उपलब्ध हैं। इसकी जवाबदेही तय होनी ही चाहिए। देर से ही सही, सरकार ने इस दिशा में कदम आगे बढ़ाया है, तो इसमें कुछ बेहतर नतीजे की उम्मीद जगी है। कमाई के लोभ में किसी भी मंच को निरंकुश व्यवहार की इजाजत क्यों होनी चाहिए।

# ट्रेन के दरवाजे पर लटककर दादा जी ने किया स्टंट

ट्रेन पर चढ़कर स्टंट दिखाना, तेज रफ्तार ट्रेन से हाथ बाहर निकालना या चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश करना बेहद खतरनाक काम

### जरा हट के

होता है. पर कुछ लोग नहीं मानते, वो खुद के साथ-साथ दूसरों की जिंदगी को भी खतरे में डाल देते हैं. हाल ही में एक बुजुर्ग व्यक्ति ने भी ऐसा ही किया. दादा जी की उम्र वाले इस आदमी ने ट्रेन के दरवाजे पर लटककर ऐसा स्टंट किया, जिसे देखकर लोग दंग हो गए और कहने लगे कि लगता है इस आदमी का यमराज के साथ रोज का उठना-बैठना है!

इंस्टाग्राम अकाउंट @kishordas5038 पर हाल ही में एक वीडियो पोस्ट किया गया है, जिसे देखकर आप दांतों तले उंगलियां दबा लेंगे. वीडियो में एक बूढ़ा आदमी, जो चेहरे से लग रहा है कि किसी न किसी का दादा या नाना बन चुका होगा, ऐसा स्टंट कर रहा है, जिसे करने के बारे में जवान



लोग भी नहीं सोच सकते.

शख्स जिस ट्रेन पर है वो काफी तेज रफ्तार में चल रही है. वो ट्रेन के दरवाजे से लटका हुआ है. दोनों हाथों से उसने ट्रेन के दरवाजे पर लगे लोहे के छड़ों को पकड़ा है. उसकी के जरिए वो कभी लटककर बिल्कुल नीचे झूल जा रहा है, तो कभी खड़ा हो जा रहा है. अगर उसका हाथ जरा भी फिसला, तो वो निश्चित तौर पर नीचे गिरेगा और उसकी मौत पक्की हो जाएगी. पर शख्स को शायद मौत का भी डर नहीं है.

### वीडियो हो रहा वायरल

इस वीडियो को 1 करोड़ से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं. कई लोगों ने कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया दी है. एक ने कहा- "बुढ़ापा का मंजर ऐसा है तो जवानी का आलम क्या होगा!" वहीं एक ने कहा- "बाबा का यमराज के साथ रोज का उठना-बैठना है!" एक ने कहा कि शायद शख्स की पेंशन आ गई है, इस वजह से वो इतना खुश हैं. एक ने कहा कि ये है इंडिया का असली स्पाइडर-मैन!

# खील चाट

खाना-खजाना

दिवाली पूजन में भगवान गणेश और माता लक्ष्मी को खील का प्रसाद चढ़ाया जाता है। जो ज्यादातर घरों में दिवाली के अगले दिन बच जाया करती हैं। अगर खील ज्यादा दिन तक घर में रखी रहे तो वो सीलने लगती है। अगर आप भी प्रसाद में बची हुई खील का क्या करें, ये सोचकर परेशान होती रहती हैं तो ये रेसिपी आपके काम आ सकती है। इस रेसिपी को फॉलो करके आप बड़ी आसानी से घर पर ही दिवाली की खील से चटपटी चाट बनाकर खा सकते हैं। खील से बनी ये चाट खाने में टेस्टी और बनाने में बेहद आसान होती है। आप इस चाट रेसिपी को आप शाम की चाय के साथ भी परोस सकते हैं। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं क्या है इसकी खील चाट रेसिपी।

**सामग्री :**

- 1 कप खील
- 1/4 कप भुनी हुई मूंगफली
- 1/4 कप कटी हुई सब्जियां (टमाटर, प्याज, हरी मिर्च)
- 1/4 चम्मच हल्दी पाउडर
- 1/2 चम्मच चाट मसाला
- नमक स्वाद अनुसार



- 1-2 चम्मच नींबू का रस
- हरा धनिया गार्निश करने के लिए

**बनाने का तरीका :**

खील चाट रेसिपी बनाने के लिए सबसे पहले खील को 10 मिनट पानी में भिगोकर अलग रख दें। इसके बाद खील अच्छी तरह छान लें। अब एक बर्तन में भिगोई हुई खील, मूंगफली, कटी हुई सब्जियां, हल्दी, चाट मसाला, नमक, और नींबू का रस डालकर सभी चीजें अच्छी तरह मिला लें। खील चाट को एक प्लेट में निकालकर ऊपर से हरा धनिया डालकर गार्निश करें। आपकी चटपटी खील चाट बनकर तैयार है। आप इसे शाम के नाश्ते में चाय के साथ भी परोस सकते हैं। इसका स्वाद एक बार चखने के बाद आप हर दिवाली एक्स्ट्रा खील लेकर आएंगे।

# ये खूबियों वाली पत्नी संवार देती हैं अपने पति का जीवन

पति-पत्नी का रिश्ता दुनियाभर के सभी रिश्तों में सबसे खास होता है। यही वो रिश्ता होता है जो जीवन के हर मोड़ पर आपके साथ होता है इसलिए एक अच्छा लाइफ पार्टनर होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। एक अच्छे और मैच्योर रिश्ते की यही खूबी होती है कि उसमें पति और पत्नी दोनों ही बराबर एफर्ट्स डालते हैं और उसे खूबसूरत बनाने का काम करते हैं। हालांकि आज हम एक अच्छी पत्नी के गुणों के बारे में बात करेंगे। एक अच्छी पत्नी का जीवन में होना, जहां एक पुरुष की जिंदगी को संवार देता है वहीं अगर एक अच्छी पत्नी ना मिले तो जीवन किसी नर्क से कम नहीं होता। हालांकि इस अच्छी पत्नी की कोई सटीक परिभाषा तो नहीं है लेकिन कुछ खूबियां जरूर हैं, जिनसे एक समझदार और अच्छी पत्नी का पता लगाया जा सकता है। चलिए आज इन्हीं के बारे में बात करते हैं।

### पति की बातों को दे मान

पति हो या पत्नी दोनों को ही एक दूसरे की बातों को मान और सम्मान देना जरूरी है। जो स्त्रियां अपने पति की बातों को रिस्पेक्टफुली सुनती हैं, उनकी बातों का मान रखती हैं, ऐसी महिलाएं अच्छी पत्नी बनती हैं। हालांकि इस बात का मतलब ये बिल्कुल भी नहीं है कि वो अपने पति की गलत बातों को भी आंख मूंदकर मान लें। पत्नी को अगर लगता है कि उसका पति गलत रास्ते पर जा रहा है या उसकी बाते गलत हैं तो इस सिचुएशन में पत्नी का कर्तव्य है कि वह अपने पति को सही राह दिखाए।

### जो स्त्री करे पति की रिस्पेक्ट

किसी भी रिश्ते में रिस्पेक्ट यानी मान-सम्मान होना बहुत जरूरी है। रिस्पेक्ट एक नींव की तरह होती है, जिसके बिना रिश्ते का कोई महत्व ही नहीं रह जाता। ऐसे में जब एक अच्छी पत्नी के गुणों की बात होती हैं तो उसमें भी सम्मान का स्थान सबसे ऊपर होता है। जो पत्नी अपने पति की रिस्पेक्ट करती है उसके परिवार वालों की रिस्पेक्ट करती है, वो खुद भी अपने परिवार और समाज से बदले में रिस्पेक्ट ही पाती है।

### काम को बैलेंस करना जाने

आजकल महिलाएं भी कामकाजी हो गई हैं, अब वो सिर्फ घर की रसोई तक सीमित नहीं है। वे बाहर कमाने जाती हैं और पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। हालांकि एक रिश्ते में बैलेंस होना बहुत जरूरी है। वो बैलेंस बनता है करियर और घर दोनों को



ही बराबर अहमियत दे कर। सिर्फ महिलाएं ही नहीं पुरुषों को भी इस बात का पूरा ध्यान रखना चाहिए। ऐसे में जब केवल एक अच्छी पत्नी की बात होती है, तब उसके सभी गुणों में घर-गृहस्थी और करियर को सही से बैलेंस करने का गुण भी शामिल होता है।

### खुले दिमाग की महिलाएं बनती हैं अच्छी पत्नियां

लड़कों को अधिकतर खुले दिमाग वाली लड़कियां ही पसंद आती है। ऐसी लड़कियां जो खुले विचारों की हों, समय के साथ चलना जानती हों, पढ़ी लिखी हों और घर और बाहर की चीजों को अच्छे से समझ पाती हों, इस तरह की लड़कियां एक अच्छा लाइफ पार्टनर साबित होती हैं। इनके साथ रहना यानी चीजों को अलग नजरिए से देखना, पुरानी बासी सोच से इतर नई सोच का हिस्सा बनना; ये सब बातें इन्हें एक अच्छा पार्टनर बनाती हैं।

### हर सिचुएशन में ढलना जाने

जीवन कभी भी समतल नहीं होता। आज ऊपर हैं तो कल नीचे भी होंगे। जीवन के इसी उतार-चढ़ाव भरे रास्ते को जब एक अच्छे जीवनसाथी का साथ मिल जाता है तो ये सफर कुछ आसान और रंगीन बन जाता है। वहीं एक खराब जीवनसाथी जीवन की ऊंचाइयों में तो आपके साथ रह सकता है लेकिन शायद बुरे वक्त में आपका साथ ना दें। ऐसे में जब एक अच्छी पत्नी के गुणों की बात आती है तो उसके गुणों में हर सिचुएशन में ढलने की आदत भी शामिल होती है। एक अच्छी पत्नी ना सिर्फ खराब सिचुएशन में साथ देना जानती है बल्कि डटकर मुकाबला करना भी जानती है।

## आज का राशिफल

**मेष :** आज बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में तरक्की के योग हैं। व्यापार की गति बढ़ेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। लाभ के मौके बार-बार प्राप्त होंगे। विवेक का प्रयोग करें। बेकार बातों में समय नष्ट न करें।

**वृषभ :** प्रभाव क्षेत्र में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। किसी विशेष क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने की इच्छा रहेगी। कोई पुरानी व्याधि परेशानी का कारण बनेगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। कोई बड़ी समस्या से सामना हो सकता है।

**मिथुन :** आज धन लाभ में वृद्धि होगी। प्रसन्नता रहेगी। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कोर्ट व कचहरी के अटके कामों में अनुकूलता आएगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। निवेश शुभ रहेगा। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। चोट व रोग से बचें। सेहत का ध्यान रखें। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कर्क :** बोलचाल में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। ऐसा कोई कार्य न करें जिससे बाद में पछताना पड़े। जोखिम न लें।

**सिंह :** घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। शेयर मार्केट से लाभ होगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। सभी काम पूर्ण होंगे। जल्दबाजी न करें। कोर्ट व कचहरी में लंबित कार्य पूरे होंगे।

**कन्या :** संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। झंझटों से दूर रहें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। शेयर मार्केट में सोच-समझकर निवेश करें। रोजगार में वृद्धि तथा बेरोजगारी दूर होगी। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। संचित कोष में वृद्धि होगी।

**तुला :** नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। प्रमाद न करें। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**वृश्चिक :** काम में मन नहीं लगेगा। बेवजह विवाद की स्थिति बन सकती है। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में कमी रह सकती है। दुःखद समाचार की प्राप्ति संभव है। व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। दूसरों के उकसाने में न आकर महत्वपूर्ण निर्णय स्वयं लें, लाभ होगा।

**धनु :** प्रयास सफल रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में उन्नति होगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। प्रमाद न करें। जल्दबाजी में कोई काम न करें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। कोई आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है।

**मकर :** अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। कारोबार में मनोनुकूल लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। प्रमाद न करें। किसी भी निर्णय को लेने में जल्दबाजी न करें। भ्रम की स्थिति बन सकती है। सावधानी रखें। थकान महसूस होगी।

**कुंभ :** अचानक कहीं से लाभ के आसार नजर आ सकते हैं। किसी बड़ी समस्या से निजात मिलेगी। घर-बाहर सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। बेरोजगारी दूर होगी। निवेश व नौकरी मनोनुकूल लाभ देंगे। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है।

**मीन :** आज फालतू धन खर्च होगा। हल्की हंसी-मजाक किसी से भी न करें। नकारात्मकता रहेगी। अकारण क्रोध होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। जोखिम न लें। आंखों को चोट व रोग से बचाएं। कीमती वस्तु गुम हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है।

–ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# मुंहासे और दानों ने कर दिया चेहरा खराब तो लगाएं चारकोल फेस पैक

दिवाली के त्योहार के साथ ढेर सारा प्रदूषण भी आता है। पटाखों के धुएं और प्रदूषण की वजह से केवल सांस से जुड़ी बीमारियां ही नहीं होती बल्कि स्किन पर भी बुरा असर पड़ता है। खासतौर पर चेहरे की सेंसेटिव स्किन के पोर्स बंद हो जाते हैं और एक्ने निकलना शुरू कर देते हैं। पलूशन की वजह से चेहरा खराब हो रहा और एक्ने निकलने लगे हैं तो चारकोल से बना फेस पैक लगाएं। चारकोल में पलूशन की वजह से होने वाले डर्ट और गंदगी को स्किन से खींचने में मदद मिलती है और एक्ने भी कम होते हैं।

### क्या होता है एक्टिवेटेड चारकोल

मार्केट में एक्टिवेटेड चारकोल आसानी से मिल जाता है। ये नारियल के छिलके, बांस या दूसरे नेचुरल चीजों से तैयार किया जाता



है। जिसमे खास तरह के अब्जॉर्ब करने की क्षमता होती है। जिससे ये कार्बन स्किन पर जमा धूल-मिट्टी और गंदगी को साफ कर देता है। चारकोल की बनावट कुछ ऐसी होती है कि ये अपने वजन से कई गुना ज्यादा पलूशन और टॉक्सिंस को सोख लेता है। चेहरे की स्किन में बने रोमछिद्रों में जमा गंदगी को ये तेजी से खींचता है और साफ करता है। जिससे एक्ने निकलने की समस्या कम होती है।

### ऐसे बनाएं घर में चारकोल फेस पैक

घर में चारकोल फेस पैक बनाने के लिए मार्केट से एक्टिवेटेड चारकोल ले आएं। फिर एक चम्मच चारकोल पाउडर के साथ दो चम्मच एलोवेरा जेल को मिलाकर पेस्ट तैयार करें। अगर एक से दो बूंद टी ट्री ऑयल की मिला लेंगे तो एंटी बैक्टीरियल गुण बैक्टीरिया को भी स्किन से मारने में मदद करेगा। बस तीनों चीजों को पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं।

### कैसे लगाएं चारकोल फेसपैक

चारकोल फेस पैक लगाने के लिए पेस्ट बनाएं और चेहरे पर लगाकर छोड़ दें। कम से कम 15-20 मिनट बाद जब फेस पैक सूख जाए तो चेहरे से फेस पैक छुड़ाने के लिए गर्म पानी में तौलिया को डुबोकर निचोड़ें और फेस साफ करें। सप्ताह में दो बार इस फेस पैक को लगाने से गंदगी, एक्स्ट्रा ऑयल निकल जाते हैं।

# विंटर आते ही पीले पड़ने लगे मनी प्लांट के पत्ते?



विंटर में मनी प्लांट के पत्तों का पीला पड़ना एक आम समस्या है, जो ठंडी हवाओं और धूप की कमी के कारण होती है. तापमान में बदलाव से मनी प्लांट के पत्ते कमजोर हो सकते हैं और उनका रंग पीला पड़ने लगता है. ऐसे में क्या कोई ऐसा उपाय है, जिसे अपनाकर हम अपने घर के मनी प्लांट को विंटर में भी हरा-भरा रख सकें? आइए जानते हैं कि सर्दियों में मनी प्लांट के पत्तों को हरा-भरा रखने के लिए किन बातों का ध्यान रखना जरूरी है.

### मनी प्लांट के पत्तों को पीले होने से बचाने के उपाय:

**सही जगह पर रखें:** विंटर के मौसम में मनी प्लांट को कुछ घंटे सीधी धूप में जरूर रखें. सर्दियों में धूप की कमी से पौधे खराब होने लगते हैं. जबकि रात में पड़ने वाली ओस से इन्हें बचाना जरूरी है. इन्हें आप रात के वक्त छत के नीचे रखें.

**नमी जरूरी:** सर्दियों में, मिट्टी आसानी से नहीं सूखते हैं. इसलिए, पौधे को अधिक पानी देने से बचें, लेकिन मिट्टी में नमी होना जरूरी है, इसलिए अगर ऊपरी परत सूखी है तो ही पानी दें. महीने में एक बार इनके पत्तों को धो दिया करें.

**फर्टिलाइज़िंग:** सर्दियों में पौधे का ग्रोथ कम होता है इसलिए इस दौरान फर्टिलाइज़र का उपयोग कम से कम करें. आप दो महीने में एक बार नीम की खली पानी में घोलकर दे सकते हैं.

**कटिंग करते रहें:** सर्दी के मौसम में भी इनकी कटिंग जरूरी है. इससे इनके पत्ते बढेंगे और पौधा घना रहेगा. इन आसान गार्डनिंग टिप्स की मदद से आप अपने मनी प्लांट को सर्दियों में भी हेल्दी रख सकते हैं और पीले पत्तों की समस्या से बच सकते हैं.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### यूपी के हरदोई में बदला लेने आया सांप, पांच लोगों को डसा, अब तक तीन की मौत

**हापुड़.** हापुड़ जिले के गांव सदरपुर में एक सांप ने पांच को डस लिया, जिनमें से तीन की मौत हो चुकी है। सांप की दहशत के कारण यहां के लोगों में अजीब सा डर है। रात में ग्रामीण बच्चों को सुलाने के बाद उनके पास ही डंडा लेकर पहरा दे रहे हैं। सांप को पकड़ने के लिए प्रशासन और वन विभाग ने सपेरे तक बुला लिए, मगर सांप पकड़ में नहीं आया। बहादुरगढ़ के सदरपुर गांव में सर्पदंश की लगातार घटनाओं ने लोगों को हैरत में डाल दिया है। सदरपुर में 20 अक्टूबर देर रात घर के फर्श पर सोते समय रिंकू जाटव की पत्नी पूनम, बेटे कनिष्क और बेटी साक्षी को सांप ने डस लिया था, जिससे उन तीनों की ही मौत हो गई थी। इस घटना की अगली ही रात को सांप ने पड़ोस में रहने वाले प्रवेश को डस लिया था। उसके बाद सांप ने चारपाई पर सो रही ममता को डस लिया।

### प्रेमी की चौखट पर जाकर दे दी जान

**महोबा.** महोबा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जहां प्रेमी के डांटकर भगाने से आहत एक युवती ने उसके घर से सामने जहर खा लिया। आनन-फानन में परिजन उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। युवती के भाई की तहरीर पर प्रेमी समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। ये घटना श्रीनगर थाना क्षेत्र का है। ननौरा गांव के रहने वाले उमेश विश्वकर्मा ने बताया कि उसकी बहन ममता बीए अंतिम वर्ष की छात्रा थी। उसके श्रीनगर के मनोहरगंज के रहने वाले गोलू ताम्रकार से प्रेम-प्रसंग थे। चार नवंबर को गोलू ने बहन पर शादी का दबाव बनाया। इनकार करने पर गोलू ने डांट-डपटकर उसे भगा दिया। इससे क्षुब्ध होकर ममता ने गोलू के घर के सामने जहर खा लिया।

### दरोगा ने एंबुलेंस चला बचा ली ड्राइवर और गर्भवती की जान, दबंगों ने कर दिया था हमला

**मोहनलालगंज.** गर्भवती को लेकर अस्पताल जा रही एंबुलेंस पर मोहनलालगंज के अहमदखेड़ा गांव में मंगलवार रात मामूली टक्कर लगने पर बाइक सवारों ने पथराव कर दिया। चालक देवेंद्र ने झाड़ियों में छुपकर अपनी जान बचाई और एसीपी मोहनलालगंज रजनीश वर्मा को फोन कर घटना की जानकारी दे दी। एसीपी ने सिसेंडी चौकी प्रभारी आशुतोष दीक्षित को फोन कर मौके पर पहुंचने के आदेश दिए। दरोगा आशुतोष पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एंबुलेंस की स्टेयरिंग थामी। एंबुलेंस चलाकर चालक के साथ ही प्रसव पीड़ा से तड़प रही सुमन को कुछ दूर तक लेकर पहुंचे। इस दौरान दरोगा ने एक अन्य एंबुलेंस भी फोन कर बुला ली। वहां से चालक और गर्भवती को दूसरी एंबुलेंस से मोहनलालगंज सीएचसी ले जाया गया।

# J&K विधानसभा में 370 बहाली का प्रस्ताव पास

- **BJP विधायकों का हंगामा**
- **दस्तावेज की कॉपी फाड़ीं**
- **CM उमर अब्दुल्ला का पुतला जलाया**

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने राज्य के स्पेशल स्टेटस (अनुच्छेद 370) को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास कर दिया है। हालांकि, BJP विधायकों ने इसका विरोध किया और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं। विधायक वेल में जाकर नारेबाजी करते रहे।

BJP का आरोप था कि स्पीकर ने मंत्रियों की बैठक बुलाई और खुद ही प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया। इसके बाद विधायकों ने बेंच पर चढ़कर हंगामा किया। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।



वहीं BJP अध्यक्ष सत शर्मा की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में इकट्ठा होकर जम्मू-कश्मीर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी का पुतला भी जलाया।

भाजपा ने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह कर रही है और कहा कि कोई भी विधानसभा अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकती।

### प्रस्ताव में लिखा- सरकार जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस पर बात करे

सदन की कार्यवाई शुरू होते ही जम्मू-कश्मीर के डिप्टी CM सुरिंदर चौधरी ने विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए प्रस्ताव पेश किया, जिसे केंद्र ने 5 अगस्त, 2019 को रद्द कर दिया था। इसमें कहा गया, 'राज्य के स्पेशल स्टेटस और संवैधानिक गारंटियां महत्वपूर्ण हैं। यह जम्मू-कश्मीर की पहचान, कल्चर और लोगों के अधिकारों की सुरक्षा करता है। विधानसभा इसे एक तरफा हटाने पर चिंता व्यक्त करती है। भारत सरकार राज्य के स्पेशल स्टेटस को लेकर यहां के प्रतिनिधियों से बात करे। इसकी संवैधानिक बहाली पर काम किया जाए। विधानसभा इस बात पर जोर देती है कि यह बहाली नेशनल यूनिटी और जम्मू-कश्मीर के लोगों की इच्छाओं, दोनों को ध्यान में रख कर की जाए।' निर्दलीय विधायक शेख खुर्शीद और शब्बीर कुल्ले, पीसी प्रमुख सज्जाद लोन और पीडीपी विधायकों ने इसका समर्थन किया।

# डोनाल्ड ट्रंप की जीत पर PM मोदी ने दी बधाई

- **बोले- पिछली बार की तरह काम करना है**

**नई दिल्ली.** रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के अगले राष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस मौके पर उन्हें बधाई दे दी है। ट्रंप ने इससे पहले साल 2016 में डेमोक्रेट नेता हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ जीता हासिल की थी, लेकिन 2020 में जो बाइडेन के खिलाफ चुनाव हार गए थे। वह दूसरी बाद अमेरिका के शीर्ष पद पर काबिज होंगे।

पीएम मोदी ने लिखा, 'आपके ऐतिहासिक जीत पर शुभकामनाएं मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप। जैसा कि आप अपने पिछले कार्यकाल की



सफलताओं को आगे बढ़ा रहे हैं, मैं उम्मीद करता हूं कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी में हमारा सहयोग फिर नया होगा। हमारे लोगों की बेहतरी के लिए और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए आइए साथ मिलकर काम करते हैं।'

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत ने अमेरिका के पिछले पांच राष्ट्रपतियों के कार्यकाल के दौरान उसके साथ अपने संबंधों में 'लगातार प्रगति' देखी है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी चुनाव के परिणाम चाहे जो भी हों अमेरिका के साथ उसके रिश्ते बेहतर ही होंगे। यहां अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में जयशंकर ने क्वाड के भविष्य के बारे में भी आशा व्यक्त की। क्वाड में अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं।

क्या ट्रंप के चुनाव जीतने को लेकर कोई चिंता है और क्या उनके राष्ट्रपति बनने का क्वाड पर कोई असर पड़ेगा? जयशंकर ने इसके जवाब में संवाददाताओं से कहा, 'हमने पिछले पांच राष्ट्रपतियों के कार्यकाल में अमेरिका के साथ अपने संबंधों में लगातार प्रगति देखी है, जिसमें ट्रंप का पिछला राष्ट्रपति कार्यकाल भी शामिल है। इसलिए, जब हम अमेरिकी चुनाव को देखते हैं, तो हमें पूरा भरोसा है कि जो भी नतीजा आए, अमेरिका के साथ हमारे संबंध और मजबूत होंगे।'

उन्होंने कहा, 'जहां तक क्वाड का संदर्भ तो मैं आपको याद दिला दूं कि इसे 2017 में ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान पुनर्जीवित किया गया था। इसके बाद इसे स्थायी सचिव से मंत्री स्तर तक ले जाया गया, वह भी ट्रंप के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान ही हुआ।'

# 25 नवंबर से शुरू होगा संसद का शीतकालीन सत्र

- **राष्ट्रपति ने दी मंजूरी; 20 दिसंबर तक चलेगा सत्र**

**नई दिल्ली.** संसद का शीतकालीन सत्र 2024 आगामी 25 नवंबर से शुरू होकर 20 दिसंबर तक चलेगा।

इस सत्र में लगभग एक महीने तक संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में महत्वपूर्ण विधायी कार्य किए जाने की उम्मीद है। यह जानकारी मंगलवार को केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने दी। संसद की कार्यसूची की आवश्यकता के अनुसार, शीतकालीन सत्र की अवधि में संशोधन भी किया जा सकता है।

रिजिजू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''माननीय राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मू) ने भारत सरकार की सिफारिश पर 25 नवंबर से 20 दिसंबर, 2024 तक शीतकालीन सत्र के लिए संसद के दोनों सदनों की बैठकें बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।'' उन्होंने कहा, ''26 नवंबर, 2024 (संविधान दिवस) को संविधान अंगीकार किए जाने की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में कार्यक्रम का आयोजन होगा।''

# हादसे में 10 की मौत, सड़क पर बिखरी लाशें

- **ऑटो पलटा तो ट्रक ने रौंदा**
- **ऑटो की पूरी छत उड़ गई**

**हरदोई.** हरदोई में डीसीएम (ट्रक) ने ऑटो को रौंद दिया। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई। 5 गंभीर हैं। मरने वालों में 6 महिलाएं और 2 बच्चे भी हैं। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो उछलकर दूर जा गिरा। पूरी छत उड़ गई। अंदर बैठी सवारियां बाहर आ गिरीं। सड़क पर लाशें बिखर गईं। हादसा बुधवार दोपहर बिलग्राम थाना के रोशनपुर गांव के पास हुआ। पुलिस का कहना है- ऑटो बिलग्राम की तरफ जा रहा था। अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गया, तभी सामने से आ रहे डीसीएम ने ऑटो को रौंद दिया। घटना के बाद डीसीएम चालक भाग गया। 7 की मौके पर मौत हो गई। 8 घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने 3 को मृत घोषित कर दिया।

- **SP बोले- ऑटो में ज्यादा सवारी थी, इसलिए हादसा हुआ**

SP नीरज कुमार जादौन ने बताया- दोपहर 12.30 बजे हादसे की सूचना मिली। मैं मौके पर पहुंचा। घायलों को अस्पताल भिजवाया। ऑटो में 15 लोग सवार थे। इस वजह से हादसा हुआ। जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे।



### ऑटो घिसटता चला गया...रोड पर खून ही खून था- प्रत्यक्षदर्शी

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है- ऑटो में 15 सवारी थी। वह बहुत तेजी के साथ जा रहा था, तभी अचानक सड़क पर पलट गया। सामने से आ रही डीसीएम ने उसे रौंद दिया। काफी दूर तक ऑटो घिसटता चला गया। रोड पर खून ही खून था। इतना भयानक हादसा देखकर हम लोग कुछ समझ नहीं पाए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मरने वालों छोटे-छोटे बच्चे भी थे।

### वक्फ विधेयक से हमें दूर रखा जाए : बोरा समुदाय

**नई दिल्ली.** प्रसिद्ध वकील हरीश साल्वे ने मंगलवार को संसद की संयुक्त संसदीय समिति (JPC) के सामने वक्फ (संशोधन) बिल 2024 पर बोहरा समुदाय की ओर से अपना पक्ष रखा। इस समुदाय ने अपने वकील के माध्यम से एक बार फिर नई कानून व्यवस्था के तहत इसके दायरे में आने से छूट की मांग की है। साल्वे ने समिति के सामने अपनी गवाही में कहा कि यह स्थिति पहले के वक्फ कानूनों के तहत भी बनी रही थी। आपको बता दें कि बोहरा समुदाय शिया मुस्लिमों का हिस्सा है। यह अपनी अलग धार्मिक मान्यताओं के साथ अलग तरह से पहचाना जाता है। साल्वे ने समिति के सामने कहा, ₹1962 में भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने दाऊदी बोहरा समुदाय को संविधान के अनुच्छेद 26 के तहत एक 'धार्मिक संप्रदाय' के रूप में मान्यता दी थी। आज भी यह स्थिति बनी हुई है।

# भारत में खास किस्म का है जातिगत भेदभाव

- **आरक्षण में 50% की बाधा हटाकर ही रहेंगे: राहुल गांधी**

**नई दिल्ली.** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को कहा कि वह तेलंगाना में जाति आधारित जनगणना सुनिश्चित करने के साथ ही देश में जाति आधारित जनगणना के लिए राज्य को एक मॉडल के रूप में पेश करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। राज्य सरकार द्वारा छह नवंबर से शुरू किए जाने वाले जाति सर्वेक्षण से पहले यहां तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जाति आधारित जनगणना भेदभाव की सीमा और प्रकृति का आकलन करने के लिए शुरू की जाने वाली पहली प्रक्रिया है।



उन्होंने कहा, ''इसलिए, मैं यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं कि न केवल तेलंगाना में जाति आधारित जनगणना हो, बल्कि तेलंगाना देश में जाति आधारित जनगणना के लिए एक मॉडल बन जाए।'' कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भारत में ''एक अलग ही तरह'' का जातिगत भेदभाव है और ये संभवतः विश्व में सबसे खराब है।

उन्होंने कहा, ''देश में 50 प्रतिशत आरक्षण की कृत्रिम बाधा को खत्म किया जाएगा।'' लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें आश्चर्य है कि प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से यह क्यों नहीं कहा कि वह भारत में भेदभाव के विचार को चुनौती देना चाहते हैं। राहुल गांधी ने पूछा, ''प्रधानमंत्री यह पूछने से क्यों डरते हैं कि कॉरपोरेट, न्यायपालिका, मीडिया में कितने दलित, ओबीसी, आदिवासी हैं।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि संसद में उन्होंने पार्टी की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर जाति आधारित जनगणना कराने का वादा किया है।

राहुल गांधी ने हैदराबाद के बोवेनपल्ली में गांधी विचारधारा केंद्र में जाति जनगणना पर बुद्धिजीवियों और बीसी (पिछड़े वर्ग) समुदाय के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जातिगत भेदभाव असमानता को कायम रखता है। उन्होंने जोर दिया कि जातिगत जनगणना सभी समुदायों, खासकर पीढ़ियों से हाशिए पर पड़े लोगों को न्याय दिलाने में मदद करेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जाति आधारित जनगणना निष्पक्ष प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करेगी और दलितों, ओबीसी और महिलाओं को प्रभावित करने वाली सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को उजागर करेगी।

# 'हरियाणा में मंत्रिमंडल का गठन असंवैधानिक'

- **हाई कोर्ट में दी गई चुनौती; केंद्र और राज्य से जवाब तलब**
- **कैबिनेट में अधिकतम मंत्री 13.5 हो सकते हैं, इस समय 14 मंत्री**

**चंडीगढ़.** हरियाणा विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या के 15 फीसदी से ज्यादा मंत्री बनाए जाने के खिलाफ पंजाब एवं



हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई है। इस पर हाई कोर्ट ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार को जवाब तलब किया है।

सुनवाई के दौरान हरियाणा के एडवोकेट जनरल ने पीठ को बताया कि इस विषय पर पहले भी एक याचिका दायर की गई थी और सरकार ने उसमें जवाब दायर कर रखा है। सरकार के इस जवाब पर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागु एवं जस्टिस अनिल खेत्रपाल की खंडपीठ ने इस याचिका को पहले से विचाराधीन याचिका के साथ 19 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने सभी पक्षों को अगली सुनवाई पर अपना पक्ष रखने का भी आदेश दिया।

एडवोकेट जगमोहन सिंह भट्टी ने याचिका दायर कर बताया कि संविधान के 91वें संशोधन के तहत राज्य में कैबिनेट मंत्रियों की संख्या विधानसभा के कुल विधायकों की संख्या का 15 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है। हरियाणा विधानसभा में कुल विधायकों की संख्या 90 है। ऐसे में संविधान संशोधन के अनुसार कैबिनेट में अधिकतम मंत्री 13.5 हो सकते हैं लेकिन हरियाणा में इस समय 14 मंत्री हैं, यह संविधान के संशोधन का उल्लंघन है।

याचिका में भट्टी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, अनिल विज, कृष्णलाल पंवार, राव नरबीर, महिपाल ढांडा, विपुल गोयल, डॉ. अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, कृष्ण कुमार बेदी, श्रुति चौधरी, आरती राव, राजेश नागर और गौरव गौतम के अलावा केंद्र सरकार और हरियाणा विधानसभा को भी प्रतिवादी बनाया है।

### ताबड़तोड़ फायरिंग से दहली दिल्ली

**नई दिल्ली.** दिल्ली में बदमाशों की ओर से दुकानों और मकानों के सामने फायरिंग कर के दहशत फैलाने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है।

दिल्ली में बुधवार को बदमाशों ने दो कारोबारी जगहों पर फायरिंग की घटना को अंजाम दिया। पश्चिम विहार वेस्ट इलाके में बुधवार दोपहर को ग्रासरी के रिटेल स्टोर पर बाइक सवार बदमाशों ने आठ राउंड फायरिंग की जबकि द्वारका जिले के छावला इलाके में एक मोटर वर्कशॉप में घुसकर 5 राउंड फायर किए।

# टेस्ट में रोहित और धोनी से बेहतर कप्तान थे कोहली

ICC टेस्ट रैंकिंग में विराट कोहली को तगड़ा नुकसान, 10 साल बाद टॉप-20 से हुए बाहर

सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में भारी नुकसान हुआ है। न्यूजीलैंड के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने के कारण कोहली बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप-20 से बाहर हो गए हैं। 2014 के बाद से ऐसा पहली बार हुआ है, जब कोहली आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष-20 से बाहर हुए हो। कोहली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैच की टेस्ट सीरीज में सिर्फ 93 रन बनाए, जिसमें 70 रन बेस्ट रहे और अब टेस्ट प्रारूप में आईसीसी पुरुष बल्लेबाजों की रैंकिंग में 22वें स्थान पर हैं।



भारत के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा हाल ही में समाप्त हुई न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में फ्लॉप रहे थे और स्पिनर के खिलाफ सस्ते में विकेट गंवा रहे थे। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में न्यूजीलैंड पहली टीम थी, जिसने भारत को उसके घरेलू मैदान पर 3-0 से हराया। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले से भी रन नहीं निकले थे। उन्हें दो स्थान का नुकसान हुआ है और वह 26वें पायदान पर हैं।

टेस्ट में बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट हैं, उन्होंने पाकिस्तान दौरे पर दोहरा शतक लगाया था। रूट के बाद केन विलियमसन और हैरी ब्रूक हैं। भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह चौथे स्थान पर खिसक गए हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को पांच पायदान का फायदा हुआ है और वह छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। शुभमन गिल 16वें पायदान पर मौजूद हैं।

भारत के अनुभवी स्पिनर रविंद्र जडेजा ताजा रैंकिंग में दो स्थान के फायदे केसाथ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। अश्विन पांचवें स्थान पर हैं। जडेजा ने

# आज पटना में होगा शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार

- **घर पर दर्शन के लिए रखी गई पार्थिव देह**
- **सीएम नीतीश ने दी श्रद्धांजलि**

**पटना.** बिहार की मशहूर लोक गायिका शारदा सिन्हा का पार्थिव शरीर पटना के राजेन्द्र नगर स्थित आवास पर लाया गया है। सीएम नीतीश कुमार ने घर पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कल (गुरुवार) को उनका अंतिम संस्कार पटना के गुलबी घाट पर राजकीय सम्मान के साथ होगा। बीजेपी के राष्ट्रीय



अध्यक्ष जेपी नड्डा गुरुवार शाम शारदा सिन्हा के राजेन्द्र नगर स्थित घर जाकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे।

मंगलवार रात दिल्ली AIIMS में शारदा सिन्हा का निधन हो गया। वे 72 साल की थीं। छठ के गाए उनके गीत बेहद मशहूर हुए और इस पर्व के पहले ही दिन उन्होंने अंतिम सांस ली।

दिल्ली AIIMS ने बताया कि सेप्टिसीमिया (ब्लड इंफेक्शन) की वजह से शारदा सिन्हा की मौत हुई। 26 अक्टूबर को तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें दिल्ली AIIMS में भर्ती कराया गया था। 3 नवंबर को हालत में सुधार होने पर प्राइवेट वार्ड में शिफ्ट किया गया। लेकिन 4 नवंबर की शाम उनका ऑक्सीजन लेवल गिरने लगा, इसके बाद से वे वेंटिलेटर पर थीं।

# पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

- **पुलिस के जाल में ऐसे फंसा**

**कोरापुट.** ओडिशा के कोरापुट जिले में 21 वर्षीय महिला की हत्या के केस को पुलिस ने सुलझा लिया है। मामले में पुलिस ने महिला के पति को ही मुख्य आरोपी बताया। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर पत्नी की हत्या कर दी थी। जबकि उसने पुलिस को झूठी कहानी बताई। आरोपी ने बताया था कि घर लौटते वक्त बदमाशों ने उन दोनों को पकड़ लिया और उसे पेड़ पर बांधकर पहले पत्नी की इज्जत लूटी और फिर लूट और पत्नी की हत्या करके मौके से फरार हो गए। पुलिस ने इस गुत्थी को 24 घंटे के भीतर ही सुलझा लिया।

नंदपुर पुलिस स्टेशन की इंस्पेक्टर ममता कुमारी पांडा ने मामले का खुलासा करते हुए कहा कि कोरापुट जिले के हरियामुंडा गांव की 21 वर्षीय साबित्री खरा की गला दबाकर हत्या की गई थी। इस हत्याकांड में उसका पति महेंद्र खरा गिरफ्तार हुआ है। वह इस हत्याकांड में मुख्य साजिशकर्ता था। उसने पुलिस के सामने कहानी बुनी कि उनके साथ लूटपाट हुई थी और बदमाशों ने उसकी पत्नी की हत्या की।

- **पुलिस ने गुत्थी को कैसे सुलझाया**

पुलिस अधिकारी के अनुसार, वे दोनों सोमवार शाम अपने घर लौट रही थी। महिला के ससुर पुरबा खरा ने नंदपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी कि उनकी बहू सुभद्रा योजना के लिए आवेदन कर घर लौट रही थी, तभी बदमाशों ने उसकी हत्या कर दी।


### आम सूचना

मैं श्रीमती सविता प्रभात मौर्या सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम नं. 3, चाल नं. 5, कैलाश कॉलोनी, आर्शिवाद चाल, श्रीराम नगर, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 57डीओ012381600) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती सुनीता संजय झरे के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 26.10.2023 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती सविता प्रभात मौर्या**

### आम सूचना

मैं श्रीमती संगीता सुनील माली सभी को सूचित कर रही हूं कि रुम, जग्गी कंपाउंड के पास, उल्हासनगर-3. (टैक्स नं. 30सीओ008100200) उक्त प्रॉपर्टी श्री चंद्रभागा टी. माली के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 5.11.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्रीमती संगीता सुनील माली**

### आम सूचना

मैं श्री अशोक वाशुलाल कुकरेजा सभी को सूचित कर रहा हूं कि हाफ 50% पोर्शन, शॉप, बैरक नं. 1811 के सामने, मच्छी मार्केट के पास, सेक्शन 38, उल्हासनगर-5. (टैक्स नं. 54डीओ011579700(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्री हरेश अल्यास हरि वी. कुकरेजा के नाम पर है। उन्होंने गिफ्ट एग्रीमेंट दि. 8.10.2024 द्वारा मुझे दी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहता हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री अशोक वाशुलाल कुकरेजा**

### आम सूचना

मैं श्री किशन रमाकांत राय सभी को सूचित कर रही हूं कि शॉप, संतोष नगर, ओटी सेक्शन, उल्हासनगर-4. (टैक्स नं. 44सीओ09992000(पार्ट) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती प्रमिला अशोक जगेशा उर्फ प्रमिला अशोकलाल जगेशिया के नाम पर है। उनसे सेल एग्रीमेंट दि. 7.10.2024 द्वारा मैंने खरीदी है। जिस कारण उक्त जायदाद मैं अपने नाम करवाना चाहती हूं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-

**श्री किशन रमाकांत राय**

## संक्षेप...

### छुरे से दहशत... शख्स गिरफ्तार

**डोंबिवली.** डोंबिवली पश्चिम में सुभाष स्ट्रीट पर चिंचोडिचापाड़ा में सोमवार दोपहर 42 वर्षीय शख्स हाथ में छुरी लेकर इलाके के निवासियों को धमका रहा था. जैसे ही इसकी सूचना विष्णुनगर थाने की गश्ती पुलिस को मिली तो गश्ती पर निकली पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची. पुलिस ने संबंधित इस्मा को हिरासत में ले लिया।

पुलिस ने जिस शख्स को हिरासत में लिया उसका नाम अमित लक्ष्मण वाझे है। वे चिंचोडिचापाड़ा इलाके में रहते हैं। पुलिस ने अमित वाझे के कब्जे से 14 इंच लंबा चाकू बरामद किया है. विष्णुनगर पुलिस स्टेशन में कांस्टेबल शकील जमादार की शिकायत पर पुलिस ने अमित वाझे के खिलाफ आर्म्स एक्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। अमित को हिरासत में लिया गया है.

# महायुति का विजन महाराष्ट्र 2029

## शिंदे की 10 गारंटी — किसानों का लोन माफ, 25 लाख नौकरियां, छात्रों को 10 हजार रुपए महीने का वादा

**मुंबई.** महाराष्ट्र के सीएम ने महायुति गठबंधन के घोषणा पत्र के 10 प्रमुख वादों का ऐलान किया। मंगलवार को कोल्हापुर में जनसभा के दौरान उन्होंने कहा कि विजन महाराष्ट्र 2029 के लिए सरकार बनने के 100 दिनों के भीतर इन वादों को पूरा किया जाएगा।

प्रमुख वादों में लाड़ली बहन योजना की राशि 1500 से बढ़ाकर 2100 करना, बिजली बिलों में 30% तक की कमी, वृद्धावस्था पेंशन की राशि 1500 से 2100 रुपए करना, 25 लाख नौकरियां देने का वादा शामिल है।

घोषणापत्र में मुख्य रूप से महाराष्ट्र में अभूतपूर्व समृद्धि और विकास की दिशा में आगे बढ़ाने की उनकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार ने



मंच पर खड़े होकर घोषणापत्र जारी किया।

■ **महायुति ने अपने घोषणापत्र में 10 गारंटियों के बारे में बताया**

महायुति ने अपने घोषणापत्र में 10 गारंटियों के बारे में बताया है। घोषणापत्र में गठबंधन का लक्ष्य एक समृद्ध महाराष्ट्र लाना है, किसानों के लिए आर्थिक राहत और युवाओं के लिए रोजगार सृजन से लेकर महिला सुरक्षा और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा तक का जिक्र है।

घोषणापत्र के केंद्र में सभी क्षेत्रों में वित्तीय सहायता और समर्थन बढ़ाने की प्रतिबद्धता है। 'लड़की बहिन' योजना के तहत, महिलाओं के लिए मासिक भत्ता 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये किया जाएगा, साथ ही महिला सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए 25,000 नई पुलिस भर्ती की जाएगी।

### आंगनवाड़ी और आशा के वेतन में होगी बढ़ोतरी

घोषणापत्र में रोजगार का भी लक्ष्य है, जिसमें 25 लाख नौकरियां पैदा करने का वादा किया गया है, जिसमें 10 लाख छात्रों के कौशल प्रशिक्षण के लिए 10,000 रुपये का मासिक वजीफा भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, 45,000 गांवों में सड़कें पक्की करके ग्रामीण बुनियादी ढांचे को संबोधित किया जाएगा। आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं का वेतन भी बढ़कर 15,000 रुपये मासिक हो जाएगा, साथ ही बीमा कवरेज भी मिलेगा। बढ़ती पर्यावरणीय चिंताओं के बीच, गठबंधन ने बिजली के बिलों को 30 प्रतिशत तक कम करने और नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाने, महाराष्ट्र के स्थायी भविष्य में योगदान देने का वादा किया। घोषणापत्र में 'विजन महाराष्ट्र 2029' पेश किया गया है, जो निर्वाचित होने पर पहले 100 दिनों के भीतर अनावरण किया जाने वाला एक रोडमैप है, जिसका उद्देश्य राज्य भर में परिवर्तनकारी परिवर्तन लाना है।

■ **वरिष्ठ नागरिकों की मासिक पेंशन बढ़ाई जाएगी**

वहीं, किसानों को ऋण से मुक्त करने के लिए योजना बनाई जाएगी और ₹शेतकारी सन्मान योजना₹ के तहत 15,000 रुपये की बढ़ी हुई वार्षिक सहायता के साथ-साथ 20 प्रतिशत एमएसपी सब्सिडी से लाभ होगा। घोषणापत्र में कहा गया है कि वरिष्ठ नागरिकों की मासिक पेंशन भी बढ़कर 2,100 रुपये हो जाएगी, जिससे उनके बाद के वर्षों में सम्मान सुनिश्चित होगा।

# सांसद बाल्या मामा कांग्रेस छोड़ सपा का कर रहे प्रचार



■ **महा विकास आघाड़ी में हुई बिगाड़ी**

■ **सांसद मामा की बेरुखी से कांग्रेस की हालत हुई पतली**

**उल्हास विकास संवाददाता**

**भिवंडी.** विधानसभा चुनाव में महानिकास आघाड़ी में भारी बिगाड़ी का मामला दिखाई पड़ने लगा है.महा विकास आघाड़ी शरद गट भिवंडी लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा द्वारा कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी दयानंद चोरघे को कोई भाव नहीं देते हुए सपा प्रत्याशी रियाज आजमी का प्रचार करने से कांग्रेस में अंधेरा छाने की नौबत आ चुकी है.

सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा द्वारा सपा का प्रचार करने से कांग्रेस प्रत्याशी चौरघे की मुश्किल बढ़ गई है.दीवान शाह स्थित सपा कार्यालय का उद्घाटन करते हुए बाल्या मामा ने कहा, ₹मैं यहां किसी को हराने नहीं, बल्कि रियाज आज़मी को जिताने आया हूं. आजमी की जीत 23 नवंबर को तय है.सांसद बाल्या मामा द्वारा सपा को समर्थन देने से महाविकास आघाड़ी के खेमे में हलचल मच गई है.कांग्रेसी समर्थकों का कहना है कि, कांग्रेस पहले ही भीतरघात और बगावत का सामना कर रही थी.पार्टी घोषित उम्मीदवार दयानंद चोरघे के खिलाफ खुद उनके ही खेमे के कई नेता अपक्ष प्रत्याशी के रूप में मैदान में उतर कर कांग्रेस की मुश्किल बढ़ाए हुए हैं.

### कांग्रेस प्रत्याशी चोरघे कहे जा रहे बाहरी

क्षेत्रीय कांग्रेसी कार्यकर्ता प्रत्याशी दयानंद चोरघे को बाहरी, पैराशूट उम्मीदवार बताकर खुल्लम खुल्ला विरोध कर रहे हैं.कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने पर पूर्व महापौर धाकड़ नेता विलास आर. पाटिल ने निर्दलीय पर्चा दाखिल कर सभी प्रत्याशियों की नींद उड़ा दी है.सपा ने महाविकास आघाड़ी गठबंधन से किनारा कर रियाज आजमी को टिकट दिया है.आघाड़ी सांसद बाल्या मामा का समर्थन सपा को मिलने से कांग्रेस खेमे में भारी बेचैनी देखी जा रही है.सूत्रों की माने तो लोकसभा चुनाव में कांग्रेस नेता दयानंद चोरघे ने सांसद बाल्या मामा को मबिआ का टिकट मिलने पर जोरदार विरोध कर प्रचार से कन्नी काट ली थी बावजूद बाल्या मामा चुनाव जीत गए थे.बाल्या मामा वही खुन्नस दयानंद चोरघे से निकालते हुए सपा का साथ देते नजर आ रहे हैं.

# भिवंडी में भाजपा चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन



**उल्हास विकास संवाददाता**

**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूर्व विधायक महेश चौगुले का घूंघट नगर स्थित मुख्य चुनाव प्रचार कार्यालय का नारियल फोड़कर श्रीगणेश किया गया. चुनाव प्रचार कार्यालय उद्घाटन अवसर पर भाजपा प्रत्याशी महेश चौगुले, भाजपा जिलाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल,वरिष्ठ पार्षद नीलेश चौधरी,चुनाव प्रमुख श्याम अग्रवाल, आरपीआई जिलाध्यक्ष महेंद्र गायकवाड महासचिव राजू गाजेंगी,रवि सावंत, रवि पाटिल,कल्पना शर्मा सहित हजारों की संख्या में महायुति कार्यकर्ता, समर्थक मौजूद थे. कार्यालय उद्घाटन मौके पर भाजपा प्रत्याशी महेश भाजपा प्रत्याशी 10 वर्षों के विधायक रहे महेश चौगुले ने क्षेत्रीय मतदाताओं से सर्वांगीण विकास की खातिर वोट देने की अपील करते हुए कहा कि,महायुति सरकार के कार्यकाल में ही विकास कार्य हो रहा है.विकास कार्यों को आगे बढ़ा कर शहर को विकसित करने के लिए समर्थन देकर सहयोग करें.क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता डोर टू डोर जाकर चौगुले को प्रचंड मतों से जिताने की अपील कर रहे हैं.चौगुले का मुख्य मुकाबला कांग्रेस, सपा,एमआईएम सहित अपक्ष प्रत्याशी पूर्व महापौर विलास पाटिल से है.

# विधानसभा चुनाव अभ्यास डिजिटल पुस्तिका का प्रकाशन

**उल्हास विकास संवाददाता**

**ठाणे.** विधानसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी व जिला चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे के मार्गदर्शन में जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से विधानसभा चुनाव 2024 की अभ्यास डिजिटल पुस्तिका तैयार किया गया है। इस अवसर पर डिजिटल पुस्तिका का जिलाधिकारी शिनगारे के हाथों से प्रकाशन किया गया।इस समय सहायक पुलिस आयुक्त दत्ता शिंदे, सहायक पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण, ठाणे (ग्रामीण)



पोलीस अधीक्षक डॉ.डी.स्वामी, आचार संहिता कक्ष नोडल अधिकारी विजयसिंह देशमुख, कायदा व सुव्यवस्था कक्ष नोडल अधिकारी दीपक क्षीरसागर, उपजिला चुनाव अधिकारी वैशाली माने, पुलिस उपायुक्त मीना मकवाना व रश्मी नांदेडकर,चुनाव खर्च नियंत्रण समिती नोडल अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी, कम्युनिकेशन नोडल अधिकारी. मेटकरी व सुनिल महाले, सहायक नोडल अधिकारी सुकेशिनी पगारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।जिलें के प्रचार प्रसार प्रतिनिधि को और सामान्य नागरिक विधानसभा चुनाव 1962 से 2019 तक जिलें के विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में उम्मीदवार को मतदान का आंकड़ा और आदर्श आचार संहिता क्या करना चाहिए और क्या नही करना चाहिए इसकी जानकारी पुस्तिका में दिया गया है।इस पुस्तिका को तैयार करने के लिए जिलाधिकारी अशोक शिनगारे विभागीय उपसंचालक डॉ गणेश मुले व उपजिला चुनाव अधिकारी वैशाली माने के मार्गदर्शन में किया गया।इस पुस्तिका के संपादक जनसंपर्क अधिकारी मनोज शिवाजी सानप है।

# सपा चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन

**उल्हास विकास संवाददाता**

**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम विधानसभा सपा प्रत्याशी रियाज आजमी के चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन महाविकास आघाड़ी शरद गट सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा द्वारा किया गया.दीवान शाह दरगाह के पास हुए चुनाव प्रचार कार्यालय उद्घाटन अवसर पर भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता, समर्थक उपस्थित थे.

सपा चुनाव प्रचार कार्यालय



मौके पर सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने सपा दमदार प्रत्याशी रियाज आजमी को जिताने के लिए हर संभव कोशिश का भरोसा दिया.सपा कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखा गया.रियाज आजमी ने क्षेत्रवासियों से विकास के नाम पर समर्थन की अपील की. उक्त अवसर पर पूर्व नगरसेवक फराज बाबा, सपा वरिष्ठ नेता शाहनवाज खान, सलाम नोमानी, सपा पूर्व जिलाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जलीस आजमी, रियाज शेख,मुनव्वर शेख आदि सपा वरिष्ठ नेता मौजूद थे.

## एस.एस.टी.महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा

# मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन





**उल्हासनगर.** उल्हासनगर स्थित एस.एस.टी. महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) विभाग द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान के माध्यम से युवाओं में मतदान का महत्व और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी भागीदारी का अहसास कराने का प्रयास किया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में छात्रों ने भाग लिया और मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न माध्यमों का उपयोग किया।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना और उन्हें मतदाता के रूप में पंजीकरण करने के लिए प्रेरित करना था। इसके अंतर्गत महाविद्यालय के NSS विभाग द्वारा मतदाता पंजीकरण, मतदान प्रक्रिया और मतदान के महत्व पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



छात्रों ने उल्हासनगर के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता के लिए रैली का आयोजन किया। रैली के दौरान, हाथों में नारों और तख्तियों के साथ ₹मतदान हमारा अधिकार है₹ और ₹लोकतंत्र की असली ताकत मतदान में है₹ जैसे नारे लगाए गए। इससे क्षेत्र के नागरिकों में काफी उत्सुकता उत्पन्न हुई। स्थानीय नागरिकों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इस माध्यम से उन्हें मतदान के बारे में अधिक जानकारी मिली।

इस अभियान का आयोजन महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, IQAC समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी और NSS के ठाणे जिला समन्वयक एवं उपप्राचार्य प्रो. जीवन विचारे के मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी प्रो. योगेश पाटील, प्रो. मयूर माथुर, डॉ. सुवर्णा अहिरे, प्रो. दीपाली चव्हाण, प्रो. नेहा तेलानी द्वारा छात्रों और स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सफलतापूर्वक किया गया।

इस अभियान में शामिल छात्र, प्राध्यापक और NSS स्वयंसेवकों ने मिलकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में जनता की भागीदारी बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया।

# रायलादेवी तालाब परिसर में छठ पर्व पर स्वच्छता अभियान

**उल्हास विकास संवाददाता**

**ठाणे.** शिवशांति प्रतिष्ठान की ओर से रायलादेवी तालाब पर छठव्रतियों के सुविधा के लिए स्वच्छता अभियान किया गया।संस्था पिछले कई सालों से पर्यावरण व स्वच्छता अभियान करती आ रही है।इस अभियान में आज लगभग 150 से अधिक स्वयं सेवक हिस्सा लेकर स्वच्छता अभियान किया।साथ ही इस अभियान में पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर भी शामिल होकर तालाब में से कचरे को निकाला और कहा कि शिवशांति प्रतिष्ठान एक आदर्श संस्था है जो पर्यावरण और



स्वच्छता को लेकर सतत काम करती है।इस संस्था के लिए हमेशा हमारा सहयोग रहेगा। संस्था के संस्थापक पर्यावरण प्रेमी एडवोकेट विनय कुमार सिंह ने बताया कि संस्था ठाणे और मुंबई में पर्यावरण की रक्षा के लिए सतत काम करती है।

रायला देवी समिति के आयोजक कुलदीप तिवारी ने कहा कि संस्था के इस स्वच्छता अभियान के चलते हमारे लिए अच्छा हुआ और साथ में सदैव काम करूंगा। इस अवसर पर शिव परिवार प्रमुख पंडित राम मिलन शुक्ल, लक्ष्मी मोर्या, एडवोकेट शिक्षा संस्कार, साधना पांडे,आशीष सिंह, गोपाल ठाकुर, सुधांशू बिसोई, सूरज राजभर, रोहित सिंह,अभिषेक मल्लाह,प्रमोद, राजेंद्र पांडे व मनपा अधिकारी प्रवीण बनोटे सहित अधिकारी व कर्मचारी भाग लिया।

# रिलेशनशिप स्टेटस पर कार्तिक बोले- सिंगल हूं

■ **इस फेज को एंजॉय कर रहा हूं**

■ **किसी को लाइव लोकेशन भेजने की जरूरत नहीं पड़ती**

कार्तिक आर्यन ने हाल ही में अपने रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में बात की। कार्तिक ने डेटिंग अफवाहों पर जवाब देते हुए कहा कि वह पिछले दो साल से चंदू चैंपियन फिल्म की तैयारी कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने एक स्पोर्ट्स एथलीट जैसी लाइफस्टाइल जी। वह सिंगल हैं और उन्हें किसी को अपनी लोकेशन भेजने की जरूरत नहीं है। मैशेबल इंडिया से बातचीत में कार्तिक आर्यन ने कहा, 'मैं अपनी फिल्म चंदू चैंपियन की तैयारी में पूरी तरह बिजी रहा। फिल्म के लिए मैंने एक कठोर एथलीट जैसी लाइफस्टाइल अपनाई। इस कारण मुझे अपनी पर्सनल लाइफ पर ध्यान देने का समय भी नहीं मिला। इस वक्त मैं न तो किसी रिलेशनशिप में हूं और न ही किसी डेटिंग ऐप्स के लिए समय है। हंसी मजाक करते हुए कार्तिक ने कहा कि इस वक्त वह अपनी सिंगल लाइफ को एंजॉय कर रहे हैं और फिलहाल किसी को अपनी लोकेशन भेजने की जरूरत भी नहीं है।'

कार्तिक आर्यन ने कहा, 'मैं एक बेहद सख्त रूटीन में था, जिसमें मुझे अपने जिम, खाने और सोने का समय निर्धारित करना था, जैसे एक एथलीट करता है। यह सब दो साल तक चला। इसके अलावा, मैं स्विमिंग भी सीख रहा था। मेरा रूटीन इतना बिजी था कि किसी और चीज के लिए मेरे पास समय ही नहीं था। भूल भुलैया 3 की शूटिंग भी एक चुनौती थी, क्योंकि उसे समय पर खत्म करना था।'



# सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर

## नागरिकों को रक्तदान करने के लिए किया आवाहन

**ठाणे.** जिला सिविल अस्पताल में मरीजों का उपचार अच्छा होने के कारण अब आस पास के जिलों पालघर, नाशिक आदि से भी उपचार के लिए आते हैं।अस्पताल में कभी ऐसे स्थिति में मरीज उपचार के लिए आते हैं कि उनका तत्काल सर्जरी करना पड़ता है जिसमें खून की आवश्यकता होती है।सिविल अस्पताल में पूरे साल में लगभग 5 हजार यूनिट की आवश्यकता होती है जो मौजूदा समय में नही है।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार व जिला उपशल्य चिकित्सक डॉ.



धीरज महांगडे के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर मुहिम का शुरआत किया गया।इस अवसर पर डॉ कैलाश पवार ने कहा कि लोगों में रक्तदान करने के लिए भ्रम व्याप्त है लेकिन रक्तदान करने के एकदिन बाद में ही शरीर में फिर उतना तैयार हो जाता है।हर व्यक्ति को तीन महीने में एक बार रक्तदान करना चाहिए।इस अवसर पर डॉ धीरज महांगड़े ने स्वयं रक्तदान किया।सर्जन डॉ निशिकांत रोकड़े,ब्लड बैंक के इंतजार, नर्स व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### कार की छत से चलाये पटाखे, मामला दर्ज

**ठाणे.** ठाणे के नीलकंठ इलाके में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है जहां कुछ शरारती युवक पटाखों का डिब्बा पकड़कर गाड़ी की छत से पटाखे चला रहे हैं. आतिशबाजी के दौरान कार भी चलाई गई।

इस घटना की फुटेज सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद चितलसर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है. नीलकंठ इलाके में दिवाली त्योहार के दिन एक मोटर वाहन की छत पर खड़े होकर पटाखे चलाए गए. दिलचस्प बात यह है कि युवक के हाथ में पटाखों का डिब्बा था।

STAFF REQUIRED

SINDHI MALE

Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT & For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED

CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475







यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099